ग्राम पंचायत सायरी, जिला सोलन के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन।
अवधि 04/2014 से 03/2017

1 प्रारम्भिक :-

(क) ग्राम पंचायत सायरी, जिला सोलन हिमाचल प्रदेश के अवधि 4/2014 से 03/2017 के लेखाओं का सामान्य व चयनित निर्माण कार्यों का विशेष अंकेक्षण संयुक्त निदेशक व उप सचिव पंचायती राज विभाग , हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या PCH-HA(5)C(15)LAD/12669 दिनांक 7.4.2016 के संदर्भ मे इस विभाग द्वारा किया गया।

(ख) **गम्भीर अनियमितताओं का सार**

क्र0सं0	विवरण	पैरा सं0	राशि लाखों में (₹)
1	बैंक समाधान विवरणी तैयार न किए जाने के कारण रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्त शेष में अन्तर	4.2	9.53
2	रोकड़ बही में लेखांकन व बैंक में जमा न करने बारे	5	0.03
3	कम जमा करना	6	0.01
4	किराये के रूप में कम प्राप्ति	7	0.12
5	गृह कर के रूप मे पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष	10	0.71
6	निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही लाखों के स्टाक/स्टोर का क्रय करना	11	-
7	अतिरिक्त भुगतान	19.3.1	0.44
8	अतिरिक्त भुगतान	19.5.1	0.10
9	अग्रिम राशि का समायोजन न प्रस्तुत करना	19.7.5	0.25
10	अधिक भुगतान	19.12.1	1.01
11	शटरिंग कार्य हेतु संभावित अधिक /अनुचित भुगतान	19.12.2	1.20
12	अप्रयुक्त स्टील की वसूली न करना	19.12.3	0.43
13	अप्रयुक्त सीमेंट की वसूली न करना	19.12.4	0.25
14	अनियमित भुगतान	19.12.7	0.20
15	अप्रयुक्त स्टील की वसूली न करना	19.13.1	0.33
16	अधिक भुगतान	20	8.76
17	न्यूनतम दर पर कार्य का आबंटन न करने के परिणामस्वरूप संभावित हानि	22	0.19
18	दुकान किराये का वसूल न करना	24	1.03

2 वर्तमान अंकेक्षण:-

ग्राम पंचायत सायरी, जिला सोलन के अवधि 1.4.2014 से 31.3.2014 तक के लेखाओं का सामान्य एवं विशेष अंकेक्षण श्री अनिल कुमार शर्मा , अनुभाग अधिकारी व श्री सोम राज कपूर , अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 14.07.17 से 02.08.2017 तक सायरी पंचायत के कार्यालय मे किया गया जिसके परिणामों को आगामी पैरों में समाविष्ट किया गया है।

सामान्य अंकेक्षण मे लेखाओं की विस्तृत जांच हेतु आय एवं व्यय के लिए निम्नलिखित मासों का चयन किया गया।

वित्तीय वर्ष	आय	व्यय
2014-15	08/2014	03/2015
2015-16	05/2015	10/2015
2016-17	01/2017	03/2017

अंकेक्षण प्रतिवेदन एवं वित्तीय स्थिति का प्रारूपण नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं के आधार पर किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग किसी भी गलत सूचना अथवा सूचना जो प्रदान नहीं की गई है , की जिम्मेवारी लेने से इन्कार करता है। प्रस्तुत किये गये अभिलेखों की जांच के पश्चात अंकेक्षण के परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये हैं।

अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्न विवरणानुसार प्रधान एवं सचिवों ने आहरण एवं वितरण अधिकारियों के रूप में कार्य किया:-

क्र° सं°	प्रधान का नाम	सचिव का नाम	पंचायत सहायक का नाम	अवधि
1	श्री सुंदर सिंह जसवाल	-	श्री संदीप कुमार	01.04.2014 से 20.02.2015
2	श्री सुंदर सिंह जसवाल	श्री राकेश कुमार	-	21.02.2015 से 22.01.2016
3	श्री मति अंजु राठौर	श्री राकेश कुमार	-	23.01.2016 से 19.01.2017
4	श्री मति अंजु राठोर	श्री लक्ष्मी नन्द	-	20.01.2017 से 31.03.2017

3 अंकेक्षण शुल्कः—

ग्राम पंचायत सायरी, विकास खण्ड कंडाघाट के अवधि 1.4.2014 से 31.3.2014 के लेखाओं के सामान्य अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹8000 बनता है। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि0प्र0 शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना सं0 6 दिनांक 28/07/2017 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना अनुसार अंकेक्षण शुल्क की राशी को हि. प्र. जोगिंद्र सेंट्रल को-ओपेराटिव बैंक लिमिटेड सायरीघाट के बैंक ड्राफ्ट संख्या 083228 दिनांक 31.07.2017 के द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग को भेज दिया गया।

4 रोकड़ बही

4.1 रोकड़ वही का रख -रखाव उचित प्रकार से न करना:-

इस रोकड़ वही में पंचायत निधि का रख-रखाव, पंचायत के अपने स्त्रोतों से प्राप्त आय , पंचायत के विकास कार्यों पर व्यय , पंचायत चौकीदार के वेतन एवं पंचायत के जन प्रतिनिधियों के पारिश्रमिक आदि का लेखा -जोखा रखा जाता है। जांच में पाया कि रोकड़ वही का रख रखाव

पंचायती राज वित्त नियम 2002 के नियम 7 में वर्णित निर्देशों के अनुसार नहीं किया गया था। दिनांक 27.07.2016 को ₹15000 का हस्तगत राशि (cash in hand) मे से राशि बैंक मे जमा कारवाई गई लेकिन रोकड़ बही मे बैंक कॉलम मे प्राप्ति पक्ष मे इसे नहीं दर्शाया गया। माह 07/2016 व उसके उपरांत रोकड़ बही मे गणना की बहुत सारी गलतियाँ हैं व पंचायत द्वारा प्राप्त आय एवं व्यय का लेखांकन पूर्ण रूप में रोकड़ वही में नहीं किया गया था जिससे स्वतः ही स्पष्ट है कि रोकड़ वही के रख-रखाब में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। रोकड़ वही पंचायत निधि की सही वितीय स्थिति प्रदर्शित नहीं करती थी । अंकेक्षणाधीन अवधि में ग्राम पंचायत सायरी की वितीय स्थिति उपलब्ध करवाई गई सूचना के आय व व्यय के आधार पर निम्न प्रकार से है:

वितीय वर्ष	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**
प्रारम्भिक शेष	842359	1881597	899669
प्राप्ति	2370103	3333625	2949441
योग	3212462	5215222	3849110
व्यय	1330865	4315553	2897314
अन्तिम शेष	1881597	899669	951796

दिनांक 31.03.17 को विभिन्न बैंक खातों में शेष का विवरण निम्नलिखित है :

Balance as per above statement : ₹951796

Balance as per Cash Book ₹48230

Balance as per Pass Book ₹1007729

Detail Of Opening and closing balance as per pass book:

Sr. No.	**Title of cash book**	**Bank name**	**Bank account no.**	**Opening as on 01.04.2014**	**Closing balance 31.03.2017**
1	General Cash Book	JCCB syrighat	102034022000027	61206	681517
2		JCCB syrighat	102034022000030	558282	287613
3		JCCB syrighat	102034022000003	68248	1660
4		SBOP syri	65211821414	0	20095
5	Cash in hand			1200	1208
6	MHWDP implementation	Uco Bank	11850110015360	62000	746
7	MHWDP maintenance	Uco Bank	11850110015353	305	14890
8	Indiara Awas Yojana	JCCB syrighat	102034022000017	91118	0
	Total			842359	1007729
	Difference in : (statement prepared by Audit team & from information				55933 (reconciliation required)

	provided by the Panchayat)				
	Difference : cash book prepaird by Panchayat and bank passbooks				959499 (reconciliation required)

4.2 बैंक समाधान विवरणी तैयार न किए जाने के कारण रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्त शेष में ₹959499 का अन्तरः–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा मासिक आधार पर व वार्षिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई है। जिस कारण से वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31–03–2017 को निम्न विवरणानुसार रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में ₹9,52,899 का अन्तर रोकड़ बही में कम शेष के रूप में है।

हि0प्र0 पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7(3) एवं 10(1) के अनुसार पंचायतों की रोकड बही का बैंक खातों से मिलान करते हुए बैंक समाधान विवरणी का तैयार किया जाना अनिवार्य था। पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों का बैंक खातों से मिलान न करना नियमों के विरूद्व होने के कारण अनियमित है। अतः इस अनियमितता के बारे में उचित स्पष्टीकरण के साथ पंचायत की रोकड़ बहियों का बैंक खातों के साथ मिलान करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

4.3 र5.70 लाख अनुदानों का लेखांकन रोकड़ वही में न करना –

जांच में पाया कि जेसीसी बैंक के खाता संख्या 102034022000027 मे प्राप्त निम्न अनुदानों का पंचायत द्वारा लेखांकन रोकड़ वही में नहीं किया गया था जिससे रोकड़ वही अनुदानों की सही वितीय स्थिति प्रदर्शित नहीं करती है एवं इन अनुदानों की राशि के दुरुपयोग की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। अतः निम्न अनुदानों की राशि का लेखांकन रोकड़ वही में न करने का औचित्य स्पष्ट करें एवं इन अनुदानों से किए गये व्ययों से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए: –

क्र.सं.	**रसीद संख्या**		**राशि**	**टिप्पणी**
1	060981 18.01.2017	दिनांक	1,00,000.00	आर/आर लिंक रोड लाड़ली
2	060982 18.01.2017	दिनांक	90000.00	आर/ आर पाथ सेरिघट तो हमणि
3	060983 18.01.2017	दिनांक	90000.00	आर /आर पाथ कनौल से धावला
4	060984 18.01.2017	दिनांक	90000.00	आर /आर पाथ हरिजन बस्ती कोट
5	060985 18.01.2017	दिनांक	200000.00	आर/ आर पाथ नलागढ़ रोड तो जीएमएस सेरीघाट
	कुल		**₹570000**	

4.4 ₹295 ब्याज के रूप में प्राप्त का लेखांकन रोकड़ बही में न करना :–

जांच में पाया गया कि दिनांक 25-05-2016 को स्टेट बैंक ऑफ पटियाला द्वारा ₹295 खाता संख्या 65211821414 के अंतर्गत ब्याज के रूप में जमा की गई परंतु इसका लेखांकन रोकड़ बही में नहीं किया गया है। अत: प्राप्त ब्याज की प्रविष्टि रोकड़ बही की जाये।

4.5 ₹0.12 लाख की नकद निकासी का रोकड़ बही में लेखांकन व वाउचर प्रस्तुत न करना: –

जांच में पाया गया कि ₹12000 यूको बैंक खाता संख्या 11850110015353 से दिनांक 02-09-2015 को सेल्फ चैक के द्वारा निकाली गई परंतु इसका लेखांकन न तो रोकड़ बही में किया गया और न ही व्यय प्रमाणक व वास्तविक प्राप्तकर्ता की रसीद को अंकेक्षण में प्रस्तुत किया गया है जिससे प्रतीत होता है कि इस राशि का दुरुपयोग किया गया है। अत : उपरोक्त के सम्बंध में औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा राशि की वसूली उचित स्त्रौत से करके पंचायत खाते में जमा किया जाये।

4.6 ₹1.29 लाख के भुगतान का रोकड़ बही में लेखांकन व वाउचर प्रस्तुत न करना: –

जांच में पाया गया कि ₹129380 का भुगतान विभिन्न व्यक्तियों को भिन्न –2 बैंक खातों से निम्न विवरणानुसार किया गया परंतु इसका लेखांकन न तो रोकड़ बही में किया गया और न ही व्यय प्रमाणक व वास्तविक प्राप्तकर्ता की रसीद को अंकेक्षण में प्रस्तुत किया गया है जिसके कारण इस राशि के दुरुपयोग की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। अत : उपरोक्त के सम्बंध में औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा राशि की वसूली उचित स्त्रौत से करके पंचायत खाते में जमा किया जाये :

बैंक का नाम	खाता संख्या	चैक संख्या	दिनांक	प्राप्तकर्ता का नाम	राशि
युको बैंक	11850110015360	220230	12-06-2015	सेवक राम	9000
युको बैंक	11850110015360	220231	27-08-2015	सेवक राम	20000
जे.सी.सी. बैंक	102034022000030	1382427	13-07-2015	विनोद कुमार	2000
जे.सी.सी. बैंक	102034022000030	959269	10-10-2016	विनोद कुमार	2200
जे.सी.सी. बैंक	102034022000030	959271	13-10-2016	उप प्रधान	15000
जे.सी.सी. बैंक	102034022000030	959272	13-10-2016	राकेश कुमार	30000
जे.सी.सी. बैंक	102034022000030	959273	28-10-2016	आशा राम	1680
जे.सी.सी. बैंक	102034022000030	959270	04-11-2016	एन.ई.एफ.टी.	9000
जे.सी.सी. बैंक	102034022000027	959207	04-06-2016	राकेश कुमार	40500
				कुल	**129380**

4.7 लैजर खातों का निर्माण न किये जाने बारेः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29(1) के अनुसार पंचायत में चलाई जा रही समस्त योजनाओं के लिए फॉर्म 7 में लैजर खातों का निर्माण किया जाना अपेक्षित था। ऐसा प्रतीत होता है कि ग्राम पंचायत में लैजर खाते बनाने का

प्रयत्न ही नहीं किया गया है प्रत्येक योजना के लिए अलग अलग समेकित लैजर बनाए जाने का उद्देश्य किसी भी समय तुरन्त योजना विशेष के सन्दर्भ में वित्तीय स्थिति तथा उपलब्ध अन्तशेष की जानकारी की उपलब्धता है। परन्तु इन लैजर खातों का निर्माण न करके इस नियम की अवहेलना की गई है। अतः इस बारे उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए भविष्य के लिए इन लैजर खातों का निर्माण नियमानुसार करना सुनिश्चित किया जाए।

4.8 वर्गीकृत सार को तैयार न करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29(4) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप 8 में **वर्गीकृत सार** को तैयार करते हुए, एक आय तथा एक व्यय के लिए दो भागों में बनाया जाएगा जिसमें प्रत्येक मद के लिए एक अलग पन्ने पर प्रत्येक आय तथा व्यय के लेन देन के लिए अलग अलग प्रविष्टि की जाएगी। प्रत्येक माह के अन्त में मासिक तथा प्रगतिशील योग के लिए प्रविष्टि की जाएगी। इस ऐबस्ट्रैक्ट को बनाए जाने का उद्देश्य आय तथा व्यय को बजट के अनुसार नियन्त्रित रखा जाना है। परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा इसके न बनाए जाने के कारण अंकेक्षण के दौरान पंचायत के आय तथा व्यय के आंकड़ों का मिलान बजट के साथ करने में मुश्किल आई साथ ही आय व्यय विवरणी तथा वित्तीय स्थिति का निर्माण करने में भी अतिरिक्त समय की बर्बादी हुई है। इस बारे उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए भविष्य के लिए नियमानुसार **वर्गीकृत सार** का निर्माण करना सुनिश्चित किया जाए।

5 ₹0.03 लाख का रोकड़ बही में लेखांकन व बैंक में जमा न करने बारे

जांच में पाया कि माह जनवरी , 2017 के दौरान ₹3467 निम्न विवरणानुसार दुकान के किराये व नकुलात फीस (Copying fee) के रूप में प्राप्त की गई परन्तु इस राशि को न तो रोकड़ बही में दर्ज किया गया और न ही सम्बंधित बैंक खाते में जमा करवाया गया जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि राशि का दुरूपयोग किया गया है। अतः प्राप्त राशि का रोकड़ बही में लेखांकन न करने व बैंक में जमा न करने का औचित्य स्पष्ट करें अन्यथा इसकी वसूली दण्ड ब्याज सहित उचित स्त्रौत से करके पंचायत निधि खाते में जमा करना सुनिश्चित करें :-

क्रंम संख्या	विवरण	प्राप्ति सम्बंधि मास	रसीद संख्या	दिनांक	राशि
1	नकुलात फीस	-	060977	17-01-2017	147
2	दुकान किराया	12/2016	060978	18-01-2017	405
3	यथोपरि	12/2016	060979	18-01-2017	410
4	यथोपरि	12/2016	060980	18-01-2017	2505
				कुल	**3467**

6 ₹980 कम जमा करना :-

माह फरवरी, 2017 के दौरान ₹1470 श्री राकेश भारद्वाज से तीन मास की अवधि , दिनांक 01-11-2016 से 31-01-2017 तक के दुकान किराये के रूप में रसीद संख्या 61010 दिनांक 17-02-2017 के अंतर्गत प्राप्त की परन्तु रोकड़ बही पृष्ट संख्या 160 पर मात्र ₹490 ही प्राप्ति के रूप में दर्ज व आगामी वितीय लेनदेनों में शामिल की गई जिससे प्रतीत होता है कि ₹980/-

(1470-490) का दुरुपयोग किया गया है। अतः ₹980 का रोकड़ बही में लेखांकन न करने तथा बैंक में जमा न करने व आगामी वितीय लेनदेनों में शामिल न करने का औचित्य स्पष्ट करें अन्यथा इसकी वसूली दण्ड ब्याज सहित उचित स्त्रौत से करके पंचायत निधि खाते में जमा करना सुनिश्चित करें।

7 किराये के रूप में ₹0.12 लाख कम प्राप्त करना :-

दिनांक 07-02-2010 को आयोजित बैठक के प्रस्ताव संख्या 06 के तहत आंगनबाड़ी के नीचे का कमरा वरिष्ठ नागरिक सभा को ₹200 प्रतिमास किराये की दर पर दिया गया था। अंकेक्षण में प्रस्तुत संविदा की शर्त 3 के अनुसार प्रारम्भिक निर्धारित किराये में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की बढ़ौतरी के साथ किराये की प्राप्ति की जानी अपेक्षित थी। दुकान किराया ऐकत्रिकरण रजिस्टर के पृष्ठ 48-ए पर दर्ज प्रविष्टियों की जांच करने पर पाया गया कि प्रथम किराये की प्राप्ति माह , 09/2012 से सुनिश्चित की गई तथा बिना वार्षिक वृद्धि के ही माह दिसम्बर , 2016 तक का किराया प्राप्त किया गया है जिसके परिणामस्वरूप ₹12010 निम्नविवरणनुसार किराये के रूप में कम प्राप्त की गई है जिसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके पंचायत निधि खाते में जमा करना सुनिश्चित करें :-

आबंटन की तिथि : 07-02-2010
प्रारम्भिक किराया : ₹200 प्रतिमास
अपेक्षित वृद्धि : 10 प्रतिशत वार्षिक

मास	अपेक्षित किराया	प्राप्त किराया	मासिक कम प्राप्ति	अवधि	वार्षिक कम प्राप्ति
02/10 से 01/11	200	-	200	12	2400
02/11 से 01/12	220	-	220	12	2640
02/12 से 08/12	242	-	242	07	1694
09/12 से 01/13	242	200	42	05	210
02/13 से 01/14	266	200	66	12	792
02/14 से 01/15	293	200	93	12	1116
02/15 से 01/16	322	200	122	12	1464
02/16 से 12/16	354	200	154	11	1694
				कुल	**12010**

8 निवेश के सन्दर्भ में टिप्पणियांः–

8.1 नियमानुसार निवेश न करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों (Surplus Funds) को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर ब्याज के रूप अधिक आय प्राप्त की जा सके। परन्तु

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना नहीं की गई है तथा अंकेक्षणावधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष निधियों में काफी मात्रा में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पड़ा है। इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए भविष्य हेतु नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

8.2 निवेश रजिस्टर का निर्माण करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 12(1) के अनुसार पंचायत द्वारा किए गए निवेश के सन्दर्भ में प्रारूप–1 के आधार पर निवेश रजिस्टर का निर्माण किया जाना अपेक्षित है। अतः भविष्य में नियम 11 की अनुपालना में किए जाने वाले निवेश के लिए नियमानुसार इस रजिस्टर का निर्माण भी सुनिश्चित किया जाए।

9 बजट प्राक्कलन नियमानुसार तैयार न करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 37 के अनुसार सचिव द्वारा प्रारूप–11 में पंचायत के आय व व्यय के प्राक्कलन तैयार करके ग्राम सभा से पारित करवाना अपेक्षित था। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के लिए पंचायत का बजट प्राक्कलन उपरोक्त वर्णित नियम के अनुसार तैयार करने के स्थान पर मात्र पंचायत के कार्यवाही रजिस्टर में पंचायत का अनुमोदन लेकर पारित करवा लिया गया है। अतः बजट प्राक्कलनों को नियमानुसार तैयार न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए भविष्य में नियमानुसार बजट प्राक्कलन तैयार करना सुनिश्चित किया जाए।

10 गृह कर के रूप मे पंचायत राजस्व की ₹0.71 लाख वसूली हेतु शेषः-

आय की जाच के दौरान और पंचायत सचिव द्वारा उपलब्ध कारवाई गई सूचना के अनुसार निम्न विवरणानुसार दिनांक 31.03.17 तक पंचायत राजस्व की गृह कर के रूप मे ₹70530 की वसूली शेष थी।

वर्ष	परिवार	गृह कर की दर	राशि	वसूली हेतु शेष राशि
1	2	3	4	5
2013	410	30	12300	12300
2014	445	30	13350	13350
2015	470	30	14100	14100
2016	506	30	15180	15180
2017	520	30	15600	15600
		Total		70530

अतः उक्त राजस्व की वसूली करने हेतु उचित कदम उठाए जाएँ तथा वसूली के उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

11 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही लाखों के स्टाक/स्टोर का क्रय करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) द्वारा स्टाक/स्टोर का क्रय करने की औपचारिकताएं उपबन्ध है। व्यय वाउचरों के अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा स्टॉक/स्टोर का क्रय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया जा रहा है जहां पर निविदाएँ मँगवाई भी गई हैं वहाँ पर भी अधिकतर प्रकरणों मे दो निविदाएँ ही पाई गईं हैं। अधिकतर निविदाओं पर कोई तिथि अंकित नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है की निविदाएँ दस्ती ही एकत्रित की गईं हैं , निविदाओं पर *purchase* क्रय समिति के हस्ताक्षर भी नहीं हैं। निविदाएँ नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। उपरोक्त के अतिरिक्त भी भण्डार के लिए की गई अन्य खरीद के अधिकतर मामलों में जिनका मूल्य ₹3000 से अधिक है को निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं के बिना ही किया गया है। अतः स्टाक/स्टोर का क्रय नियमानुसार न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए इस अनियमितता को सक्षम उच्चाधिकारी की विशेष स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार ही स्टाक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

12 मांग व प्राप्ति रजिस्टर का रख रखाव न किया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 व 77(4) के प्रावधानों के अनुसार पंचायत को फॉर्म 10 में पंचायत की वर्ष के दौरान संभावित समस्त आय के लिए मांग व प्राप्ति रजिस्टर का रख रखाव करना होगा। परन्तु ग्राम पंचायत में इस प्रावधान की अवहेलना करते हुए इस रजिस्टर को आरम्भ ही नहीं किया गया है। इस बारे उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए भविष्य के लिए नियमानुसार मांग व प्राप्ति रजिस्टर का निर्माण करना सुनिश्चित किया जाए।

13 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹3.06 लाख के स्टॉक/स्टोर का क्रय करनाः–

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त बजट लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67 (4) व 67 (5) द्वारा स्टॉक/स्टोर का क्रय करने की औपचारिकताएं प्रावधित है। चयनित मासों के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण में पाया गया कि निम्न विवरणानुसार पंचायत द्वारा ₹306468 स्टॉक/स्टोर का क्रय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। अतः स्टॉक/स्टोर का क्रय नियमानुसार न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए इस अनियमितता को सक्षम प्राधिकारी की विशेष स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

क्र0सं0	रोकड़ बही पृष्ठ संख्या व दिनांक	बिल का विवरण	सामग्री का विवरण	राशि

1	41 दिनांक 05.03.15	Bill No. 496 Dated 05.03.15 M/S Shiv om steel industries	Furniture	50000
2	42 दिनांक 13.03.15	Bill No. 135 Dated nil M/S Virender Singh Jaswal Contractor	Sand 450 cft @Rs. 50 Grit 300 cft @50	37500
3	43 दिनांक 16.03.15	Hand receipt of M/S manjoor ahmed	Labour Charges for white washing etc.	5270
4	43 दिनांक 21.03.15	Bill No. 656 dated nil M/S Sharma goods carrier	Sand 450 cft @ ₹50 Grit 150cft @50	30000
5	97 दिनांक 05.10.15	Bill No.024 dated 05.10.15 M/S Sunil Goods Carrier	Freight and loading unloading of Cement bags @46	12650
6	98 दिनांक 13.10.15	Bill No. 008 dated Nil M/S Sharma Road Lines	Stone 750 cft @23.33 Sand 300 cft @50	34000 (paid amount)
7	99 दिनांक 15.10.15	Bill No. 210 dated 11.10.15 M/S Kay ess graphics	Printing of posters and Cards	3250
8	101 दिनांक 23.10.15	Hand receipt M/S mohammed shahid painter	While wash GP syri	5400
9	102 दिनांक 26.10.15	Bill No. 5644 dated 16.10.2015 M/S Latawa Studio	Photos	4800
10	161 दिनांक 02.03.17	Bill No. 172 dated 2.3.17 M/S parihaar Goods carrier	Sand 340 cft ₹50 stone cft @30	38000
11	161 दिनांक 02.03.17	Hand Receipt for white washing etc. of panchayat Bhawan Sayri	Labour	7000
12	162 दिनांक 17.03.17	Bill No. 07 Dated 15.03.07 M/S Jagdish Chand Chadda & Sons, lower bhambla	Sand 100cft @₹50 stone 610 cft @27	21470
13	162 दिनांक 17.03.17	Bill No. 08 Dated 15.03.2017 of sunil Goods carrier Shimla	Sand 160 cft @₹50 Stone 100 cft @27	10700
14	163 दिनांक 17.03.17	Bill No. 10 Dated nil of Sunil Goods Carrier Shimla	Sand 252 cft @₹50	12428 (Amount paid and passes for)
15	163 दिनांक 25.03.17	Bill No. 203 Dated Nil for ₹41040 M/S	पाईप पत्ती व चद्दर	34000 (Passed

	Haminder and Brothers		and paid for) **306468**

13.1 ₹2.73 लाख की क्रय की गई मदों भण्डार रजिस्टर में इन्द्राज न करनाः–

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72 (1) (ए, बी, सी व डी) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किए गए भण्डार का उसकी स्थाई अथवा अस्थाई प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25, 26, 27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है। परन्तु ग्राम पंचायत में चयनित मासों के दौरान की गई खरीद के वाउचरों की जाँच में पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार लगभग ₹273092 के भण्डार को क्रय उपरान्त भण्डार रजिस्टर में दर्ज नहीं किया है। जिस बारे में स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस सन्दर्भ में अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

क्र0सं0	रोकड़ बही पृ0सं0 व दिनांक	बिल का विवरण	सामग्री का विवरण	राशि
1	41 दिनांक 05.03.15	Bill No. 496 Dated 05.03.15 M/S Shiv om steel industries	Furniture	50000
2	42 दिनांक 07.03.15	Bill No. 472 Dated 20.11.14 M/S Uttam Hardware Store	Hardware Items	275
3	42 दिनांक 07.03.15	Bill No. 477 Dated 21.11.14 M/S Uttam Hardware Store	Stationary and Misc. items	200
4	42 दिनांक 07.03.15	Bill No. 478 Dated 04.01.15 M/S Uttam Hardware Store	Paint Material etc.	1803
5	42 दिनांक 07.03.15	Bill No. 345 Dated 08.01.15 M/S Uttam Hardware Store	Stationary and Misc. items	436
6	42 दिनांक 07.03.15	Bill No. 385 dated 10.01.15 M/S Uttam Hardware Store	Stationary material etc.	295
7	42 दिनांक 07.03.15	Bill No. 494 Dated 08.01.15 M/S Uttam Hardware Store	Electric Material	895
8	42 दिनांक 07.03.15	Bill No. 498 Dated 13-01-15 M/S Uttam Hardware Store	Electric Material	1090
9	42 दिनांक 13.03.15	Bill No. 135 dated Nil M/S Virender Singh Jaswal Contractor	Sand 450 cft @₹50 Grit 300 cft @ 50	37500
10	43 दिनांक 21.03.15	Bill No. 656 Dated Nil M/S Sharma goods carrier	Sand 450 cft @₹50 Grit 150 cft @50	30000
11	98 दिनांक 13.	Bill No. 008 Dated Nil	Stone 750 Cft	34000

	10.15	M/S Sharma Road Lines	@@23.33 Sand 300 cft @50	(Paid amount)
12	161 दिनांक 02. 03.17	Bill No. 172 dated 2.3.17 M/S Parihaar Goods Carrier	Sand 340 cft @ ₹50 stone 750 cft @30	38000
13	162 दिनांक 17. 03.17	Bill No. 07 dated 15.03.17 M/S Jagdish Chand Chadda & Sons, Lower Bhambla	Sand 100 cft @₹50 Stone 610 cft @27	21470
14	162 दिनांक 17. 03.17	Bill No. 08 dated 15.03.2017 of Sunil Goods Carrier Shimla	Sand 160 cft @₹50 Stone 100 cft @27	10700
15	163 दिनांक 17. 03.17	Bill No. 10 dated nil of Sunil Goods Carrier Shimla	Sand 252 cft @₹50	12428 (amount paid and passes for)
16	163 दिनांक 25. 03.17	Bill No. 203 dated Nil for ₹41040 M/S Haminder and Brothers	पाईप पत्ती व चद्दर	
			Total	**273092**

14 महत्वपूर्ण अभिलेख तैयार न करने /प्रस्तुत न करने बारे :-

जांच में पाया कि पंचायत में निम्नलिखित अभिलेख तैयार नहीं किए गए थे जिनके अभाव में पंचायत के कार्यक्लाप में पारदर्शिता का अभाव प्रकट होता है एवं ऐसा प्रतीत होता है कि यह महत्वपूर्ण अभिलेख तैयार न करके पंचायत निधि को क्षति पहुंचाई गई थी। अतः निम्नलिखित अभिलेख तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट करें व तुरन्त इनको तैयार करना सुनिश्चित करें। अभिलेखों का विवरण निम्न प्रकार से है :

14.1 अनुदान रजिस्टर तैयार/प्रस्तुत न करना:-

जांच में पाया कि पंचायत में अनुदान रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था जिसके अभाव में अंकेक्षण अवधि में प्राप्त अनुदानों का पता नहीं चल सका। अतः अंकेक्षण अवधि में प्राप्त समस्त अनुदानों की सूची एवं पंचायती राज वित्त नियम 88 के अनुसार उनके उपयोगिता प्रमाण -पत्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। भविष्य में नियमों के अनुसार अनुदान रजिस्टर तैयार करना सुनिश्चित करें।

14.2 भण्डार रजिस्टर तैयार /प्रस्तुत न करना एवं सामग्री का भौतिक सत्यापन न करने बारे:-

जांच में पाया कि पंचायत में भण्डार रजिस्टर तैयार नहीं किए गये थे जबकि जबकि पंचायती राज वित्त नियम 69,70,71 एवं 72 के अन्तर्गत प्रारूप-25,26,27 एवं 28 में भण्डार रजिस्टर तैयार करना अनिवार्य है। भण्डार रजिस्टर के अभाव में क्रय की गई सामग्री के दुरुपयोग की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है। अतः नियमों के अनुसार भण्डार रजिस्टर तैयार न

करने का औचित्य स्पष्ट करें एवं नियमों के अनुसार भण्डार रजिस्टर तैयार करके समस्त क्रय की गई सामग्री की इनमें प्रविष्टियाँ करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त पंचायती राज वित्त नियम 73 (1) के अन्तर्गत प्रधान द्वारा कम से कम छः माह में एक बार तथा प्रत्येक वर्ष सदैव अप्रैल माह में सारे सामान का वस्तुगत सत्यापन किया जाना अनिवार्य है। अतः नियमों के अनुरूप भण्डार रजिस्टर तैयार करना एवं उनका वस्तुगत सत्यापन करना सुनिश्चित करें।

14.3 रसीद बुकों का स्टॉक रजिस्टर उचित तरीके से तैयार न करना:–

जांच में पाया कि पंचायत में रसीद बुकों का स्टॉक रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था जबकि पंचायती राज वित्त नियम 13(5) के अनुसार प्रारूप –4 में रसीदों का इन्द्राज एवं निर्गमन किया जाना अपेक्षित था। रसीदों का स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज न करने से इनके दुरुपयोग की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है। उक्त रजिस्टर के अभाव में यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि पंचायत द्वारा प्राप्त पूर्ण राशि को खातों में जमा किया गया है अथवा नहीं। अतः नियमों के अनुसार रसीद बुकों का स्टॉक रजिस्टर तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट करें एवं नियमों के अनुसार रसीदों का स्टॉक रजिस्टर तैयार करके समस्त छपवाई गई एवं निर्गमित रसीदों की इनमें प्रविष्टियाँ करना सुनिश्चित करें।

15 MANREGA:- (मनरेगा)

15.1 रोकड़ वही का रख –रखाव ठीक ढंग से न रखने बारे :–

इस रोकड़ वही में मनरेगा निधि के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्यों की निधि का रख –रखाव एवं पंचायत के विकास कार्यों पर व्यय का लेखा –जोखा रखा जाता है। जांच में पाया कि रोकड़ वही पंचायती राज वित्त नियम 2002 के नियम 7 में वर्णित निर्देशों के अनुसार तैयार नहीं की गई थी एवं दिनांक 25.01.2015 से 31.03.2017 तक की अवधि की रोकड़ वही प्रधान तथा सचिव द्वारा सत्यापित नही की गई थी एवं रोकड़ वही के पृष्ठ 38 से 44 खाली रखे गए थे या सही नहीं भरे गए थे एवं दिनांक 29.05.2015 के पश्चात भुगतानों में वाउचर संख्या अंकित नहीं की गई थी जिससे स्वतः ही स्पष्ट है कि इस रोकड़ वही के रख –रखाब में नियमों का पालन नहीं किया गया था एवं रोकड़ वही मनरेगा निधि की सही वितीय स्थिति प्रदर्शित नहीं करती है। अंकेक्षणाधीन अवधि में ग्राम पंचायत सायरी की मनरेगा की वितीय स्थिति रोकड़ वही में दर्ज प्राप्ति व भुगतान के आधार पर निम्न प्रकार से है:–

वितीय वर्ष	2014–15	2015–16	2016–17
प्रारम्भिक शेष	11301	57953	3651
प्राप्ति	163255	97389	341496.35
योग	174556	155342	345147.35
भुगतान	116603	151691	345147.35
अन्तिम शेष	57953	3651	0

नोट: दिनांक 01.04.2014 को MANREGA से संबन्धित खाता संख्या 11850101502896 (यूको बैंक) व खाता संख्या 102034022000010 (जेसीसी बैंक) मे क्रमश ₹8602 व

₹2699 प्रारम्भिक शेष के रूप में जमा थी। माह 05/2015 से MANREGA के अंतर्गत समस्त लेनदेनों को ऑनलाइन कर इसका भुगतान बीडीओ स्तर पर किया जाने लगा जिस के कारण उक्त खातों मे जमा राशि को अन्य खातों को हस्तांतरित करके खातों को बंद कर दिया गया।

15.2 मनरेगा अभिलेख का अपूर्ण पाया जानाः–

ग्राम रोजगार सहायक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख की जाँच में पाया गया कि मनरेगा से सम्बन्धित अभिलेख का दैनिक आधार पर अद्यतन (Update) नहीं किया जा रहा है। मस्ट्रौल रजिस्टर की जांच में पाया गया कि इसमें प्रविष्टियां न तो पूर्ण की गई हैं और न ही इनका सत्यापन पंचायत प्रधान व सचिव से करवाया गया है। इसी प्रकार रोजगार कार्ड रजिस्टर भी अधूरे पड़े हैं जिनमें कार्डधारक को उपलब्ध करवाए गए रोजगार के सन्दर्भ में नियमानुसार निर्धारित कॉलम में प्रविष्टियां नहीं की गई हैं। यह एक अति गम्भीर अनियमितता है। अतः यह प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आवश्यक कार्यवाही एवं दिशानिर्देशों हेतु लाया जाता है। इसके अतिरिक्त इस अभिलेख का पूर्ण अद्यतन (Updation) करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

15.3 अधूरा मस्ट्रौल रजिस्टरः– मस्ट्रौल रजिस्टर की जांच में पाया गया कि इसमें प्रविष्टियां न तो पूर्ण की गई हैं और न ही इनका सत्यापन पंचायत प्रधान व सचिव से करवाया गया है।

15.4 रोजगार कार्ड जांच हेतु उपलब्ध न करवाना :– रोजगार कार्ड जांच हेतु उपलब्ध नहीं करवाए गए , जिनमें कार्डधारक को उपलब्ध करवाए गए रोजगार के सन्दर्भ में नियमानुसार जांच नहीं की जा सकी।

15.5 सम्पत्ति रजिस्टर का न रखा जानाः– हिमाचल प्रदेश सरकार, ग्रामीण विकास विभाग के पत्र क्रमांक एस एम एस –1/2016–16–आर डी (पी आर सी) दिनांक 13–05–2016 तथा इससे पूर्व में समय समय पर जारी दिशा निर्देशों के अन्तर्गत मनरेगा के अन्तर्गत करवाए गए विकास/निर्माण कार्यों का विवरण पंचायत के सम्पत्ति रजिस्टर में रखा जाना अपेक्षित है। परन्तु ग्राम पंचायत सायरी द्वारा इन प्रावधानों की अवहेलना करते हुए सम्पत्ति रजिस्टर का अभिलेखन नहीं किया जा रहा है।

मनरेगा अभिलेख में उपरोक्त त्रुटियों का पाया जाना एक अति गम्भीर अनियमितता है तथा यह प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आवश्यक कार्यवाही एवं दिशानिर्देशों हेतु लाया जाता है। इसके अतिरिक्त इस अभिलेख का पूर्ण अद्यतन (Updation) करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

16 विहित रजिस्टरों/अभिलेख का रख रखाव न करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 से 31 के अन्तर्गत पंचायत द्वारा विभिन्न रजिस्टरों/अभिलेखों का रख रखाव किया जाना अनिवार्य

था। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न रजिस्टरों/अभिलेखों का रख रखाव नही किया गया था, जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है।

क्र॰	रजिस्टर/अभिलेख	फॉर्म संख्या	सन्दर्भित नियम
1	अस्थाई अग्रिमों का रजिस्टर	9	30
2	निर्माण कार्यों का रजिस्टर	––	103
3	मासिक बैंक समाधान विवरणी	––	15(1)
4	विभिन्न अनुदानों के योजनावार लैजर खाते	7	29(1)
5	मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर	10	33 व 77(4)
6	डाक टिकट रजिस्टर	24	61(2)
7	स्थाई एवं अस्थाई भण्डार रजिस्टर नियमानुसार उचित तरीके से सन्धारित नहीं हैं।	25 व 26	72(1)(a & b)
8	निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति का रजिस्टर	31	95(1)

अतः इन अभिलेखों व रजिस्टरों का रख रखाव भविष्य हेतु नियमानुसार किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

विशेष अंकेक्षण :

17 ग्राम पंचायत सायरी द्वारा दुकानों व जंजघर के निर्माण हेतु कर्ज लेना तथा उसका भुगतान न करना :

उपरोक्त के संबंध मे अंकेक्षण द्वारा अधियाचना संख्या 5 दिनांक 27.07.2017 के माध्यम से सूचना मांगी गयी थी तथा पंचायत सचिव द्वारा जो सूचना व अभिलेख प्रस्तुत किए गए उनके अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा ₹3,00,000 का कर्ज सरकार से लिया गया था। सामान्यता ग्राम पंचायत को निर्माण स्थल का सही चयन करने के उपरांत निर्माण कार्य का प्राक्कलन व निर्माण स्थान का चयन करके व नक्शा तैयार करके सक्षम अधिकारी से स्वीकृत करवाना होता है। ग्राम पंचायत को ग्राम पंचायत की किसी भी संपत्ति से होने वाली आय का आंकलन करने के उपरांत ही निर्माण स्थल का चयन करना होता है। सरकार निर्धारित नियमों के अंतर्गत ही ग्राम पंचायत को धन उपलबद्ध करवाती है। उपरोक्त सूचना व उपलब्ध करवाए गए अभिलेख की जांच करने पर पता चला कि पंचायत द्वारा उस भूमि को गिरवी रख कर ऋण ले लिया गया जो कि वास्तव मे सरकार की थी। उपलब्ध करवाए गए राजस्व अभिलेख की प्रति व दी गई सूचना के अनुसार जिस जमीन पर दुकान और जंज घर प्रस्तावित किया गया उस पर पंचायत का कब्जा था लेकिन उस भूमि की असली मालिक हिमाचल प्रदेश सरकार थी। लेकिन उसी जमीन को तीन लाख रुपये मे सरकार के पास गिरवी रखकर ऋण ले लिया गया। THE HIMACHAL PRADESH PANCHAYATI RAJ (FINANCE, BUDGET, ACCOUNTS, AUDIT, WORKS, TAXATION AND ALLOWANCES) RULES, 2002 के नियम 28 के अनुसार पंचायत सरकार कि संपत्ति को गिरवी रखकर ऋण ले सकती है लेकिन उसके लिए सरकार की अनुमति की आवश्यकता

होती है, इस संबंध मे संपत्ति गिरवी रखने हेतु सरकार की विशेष अनुमति अंकेक्षण मे नहीं दिखाई गयी।

उक्त ऋण के स्वीकृति आदेश अनुसार ऋण की राशि को 20 बराबर वार्षिक किस्तों मे लौटाया जाना था। ऋण पर ब्याज तीन प्रतिशत वार्षिक की दर से लगना था तथा किस्त समय पर वापिस ना करने पर वार्षिक दंड ब्याज सहित वापिस लौटानी थी। ऋण रजिस्टर की उपलब्ध कारवाई गई फोटोप्रति के अनुसार निम्न विवरणानुसार सरकार को भुगतान किया गया :

क्रम सं.	ऋण किस्त की अदायगी	ब्याज की अदायगी	शेष	दिनांक
1			300000	
2	15000	12011	285000	12.09.2002
3	15000	12000	270000	24.04.2003
4	15000	12000	255000	08.06.2004
5	15000	12000	240000	06.06.2005
कुल	**60000**	**48011**		

अंकेक्षण अधियाचना के उत्तर के अनुसार आय रजिस्टर उपलब्ध न हो पाने के कारण अभी तक हुई आय का विवरण उपलब्ध नहीं करवाया गया है परंतु वर्तमान मे इससे कोई आय नहीं हो रही है। इसके अतिरिक्त ₹ दो लाख की अतिरिक्त राशि से इसकी मुरम्मत /पुनर्निर्माण भी किया जा चुका है। THE HIMACHAL PRADESH PANCHAYATI RAJ (FINANCE, BUDGET, ACCOUNTS, AUDIT, WORKS, TAXATION AND ALLOWANCES) RULES, 2002 के नियम 8 के अनुसार ग्राम पंचायत के खाता A/क का उपयोग ऋण के भुगतान हेतु किया जा सकता है, लेकिन इस प्रकरण मे ऐसा नहीं किया गया है।

उपरोक्त से स्पष्ट है कि सरकार से लिए गए ऋण की वापसी 2005 के बाद नहीं की गयी है और प्रतिवर्ष दंड ब्याज भी लग रहा है। वर्तमान मे कोई आय न होना दर्शाता है कि जिस उद्देश्य हेतु यह दुकान व जंजघर बनाया गया था वह भी पूरा नहीं हो पाया है। उक्त प्रकरण उचित समाधान हेतु उच्च अधिकारियों के ध्यान मे लाया जाता है।

18 निम्नलिखित कार्य बिलों के संबंध मैं पंचायत का अनुमोदन प्रस्ताव या कार्य समिति के गठन का प्रस्ताव अंकेक्षण को नहीं दिखाया गया जिससे प्रतीत होता है की उक्त कार्य को बिना पंचायत में अनुमोदन के ही किया गया है इस संबंध मे स्पष्टीकरण दिया जाये या फिर उक्त अनुमोदन प्रस्तुत किया जाये।

क्रम संख्या	कार्य का नाम	राशि (₹)
1	Completion of anganwari bhawan, vill. Kot.	3,00,000
2	Additional amount mahila mandal, shanghlayana.	80,000
3	Additional amount for Community bhawan dhando	80,000
4	Additional amount for community centre Shalog Koliyan	1,50,000
5	Additional amount for community centre Shanghlayana	70,000
6	Link road from syrighat to baba naag kutiya	50,000

19 कार्य बिलों का अंकेक्षण :

19.1 कार्य का नाम C/o link road fogli :

उक्त कार्य हेतु कुल ₹ तीन लाख उपलब्ध करवाए गए व इस कार्य की असेस्मेंट माप पुस्तिका संख्या 12615 के पृष्ठ संख्या 71 से 74 व 86 से 89 पर की गई है। वर्क लेजर व वर्क एब्स्ट्राक्ट नहीं बनाये गए थे। पंचायत द्वारा निम्न वाउचर इस संबंध मे जांच हेतु प्रस्तुत किए गए :

क्र०सं	**रोकड़ बही पृष्ठ व वाउचर**	**बिल का विवरण**	**सामग्री का विवरण**	**राशि**
1	पृष्ठ 52 वाउचर 19	Bill No.152 Dated 23.04.15 M/s Virender singh jaswal	JCB 36 hours @ 850	30600.00 (paid 30000)
2	पृष्ठ 58 वाउचर 27	Bill No.170 Dated 24.05.15 M/s Virender singh jaswal	JCB 100 hours @ 850	85000.00
3	पृष्ठ 93 वाउचर 104	Bill No.027 Dated 05.09.15 M/s Thakur constructions	JCB 11.5 hours @ 800	9200.00
4	पृष्ठ 140 वाउचर 19	Muster roll 5 labours, ten days @ Rupees 200	5 labours 10 days @ Rupees 200	10000.00
5	पृष्ठ 140 वाउचर 20	Bill No.101 Dated 28.07.16 M/s Thakur constructions	JCB 8.30 hours @ 800	6800.00
		Bill No.107 Dated 12.08.16 M/s Thakur constructions	JCB 87 hours @ 790	63730.00
6	पृष्ठ 152 वाउचर 45	Bill No.109 Dated 28.11.16 M/s Thakur constructions	JCB 89 hours @ 790	70310.00 (paid 70000)
			कुल	**274730**

उपरोक्त निर्माण कार्य में निम्नलिखित विसंगतियां पाई गई हैः–

1. उक्त कार्य हेतु कुल ₹ तीन लाख स्वीकृत हुये थे लेकिन बिल/वाउचर केवल ₹274730 के ही प्रस्तुत किए गए शेष ₹25270 के बिल वाउचर अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत नहीं किए गए और न ही उक्त राशि को संबन्धित संस्था को वापसी के संबंध मे कोई अभिलेख प्रस्तुत किया गया।
2. ऐसा प्रतीत होता है की उपरोक्त जेसीबी कार्य के संबंध निविदाएँ आमंत्रित नहीं की गई थीं क्योंकि जो निविदाएँ अंकेक्षण मे प्रस्तुत की गई उन पर न तो कोई तिथि अंकित थी और न ही किसी कमेटी के सदस्यों के हस्ताक्षर इत्यादि थे। यह एक गंभीर अनियमितता है जिसके लिए ज़िम्मेदारी निर्धारित की जाये।
3. उपरोक्त बिलों पर किए गए कार्य को कार्य समिति द्वारा सत्यापित भी नहीं किया गया था।
4. उपरोक्त बिलों पर कार्य का नाम, प्रस्ताव संख्या व दिनांक लिखा जाना व सत्यापित किया जाना था लेकिन ऐसा नहीं किया गया था। जिस से यह सुनिश्चित नहीं हो पाया की जो बिल / वाउचर प्रस्तुत किए गए हैं वो संबन्धित कार्य के ही हैं?

19.2 कार्य का नाम C/o water storage tank village kot : उक्त कार्य हेतु कुल ₹ एक लाख उपलब्ध करवाए गए व इस कार्य की असेस्मेंट माप पुस्तिका संख्या 12615 के पृष्ठ संख्या 69 से 70 पर की गई है। इस संबंध मे कार्य आंकलन प्रस्तुत नहीं किया गया तथा वर्क लेजर व वर्क एब्स्ट्राक्ट नहीं बनाये गए थे। पंचायत द्वारा निम्न वाउचर इस संबंध मे जांच हेतु प्रस्तुत किए गए:

क्र०सं	**रोकड़ बही पृष्ठ व वाउचर**	**बिल का विवरण**	**सामग्री का विवरण**	**राशि**
1	पृष्ठ 48 वाउचर 04	Bill No.097 Dated 5/15 M/s Harinder singh jaswal	sand 160cft @ 47	7520.00 (paid 6000)

2	पृष्ठ 49 वाउचर 05	Musterroll 2 mistri @270 9 labourers @ 170	20 days each	41400.00 (paid 39500)
3	पृष्ठ 50 वाउचर 11	Bill No.32 Dated 4/3/15 M/s Sunil Goods Carrier	Stone 1200 cft/8 vehicles @ 3500 Sand 400cft @ 27.5	28000.00 11000.00
4	पृष्ठ 52 वाउचर 18	Hand receipt	White washing etc.	4500.00
			कुल	**89000.00**

उपरोक्त निर्माण कार्य में निम्नलिखित विसंगतियां पाई गई हैं:–

1 उक्त कार्य हेतु कुल ₹ एक लाख स्वीकृत हुये थे लेकिन बिल/वाउचर केवल ₹89000 के ही प्रस्तुत किए गए शेष ₹11000 के बिल वाउचर या तो प्रस्तुत किए जाएँ या उक्त राशि की संबन्धित संस्था को वापसी के संबंध मे अभिलेख प्रस्तुत किए जाएँ।

2 ऐसा प्रतीत होता है की उपरोक्त कार्य क्रम 1व 3 के संबंध निविदाएँ आमंत्रित नहीं की गई थीं क्योंकि जो निविदाएँ अंकेक्षण मे प्रस्तुत की गई उन पर न तो कोई तिथि अंकित थी और ना ही किसी कमेटी के सदस्यों के हस्ताक्षर इत्यादि थे। यह एक गंभीर अनियमितता है जिसके लिए ज़िम्मेदारी निर्धारित की जाये।

3 उपरोक्त कार्य क्रम 4 हेतु निविदा आमंत्रित नहीं की गयी थी जोकि एक गंभीर अनियमितता है।

4 उपरोक्त बिलों पर किए गए कार्य को कार्य कमेटी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था।

5 उपरोक्त बिलों पर कार्य का नाम , प्रस्ताव संख्या व दिनांक लिखा जाना व सत्यापित किया जाना था लेकिन ऐसा नहीं किया गया था। जिस से यह सुनिश्चित नहीं हो पाया कि जो बिल/वाउचर प्रस्तुत किए गए हैं वो संबन्धित कार्य के ही हैं?

19.3 कार्य का नाम C/o Mela ground and cultural room in village kot :

उक्त कार्य हेतु कुल ₹ तीन लाख बासठ हज़ार उपलब्ध करवाए गए व इस कार्य की असेस्मेंट माप पुस्तिका संख्या 12198 के पृष्ठ संख्या 39 से 46 पर की गई है। वर्क लेजर व वर्क एब्स्ट्राक्ट नहीं बनाये गए थे। पंचायत द्वारा निम्न वाउचर इस संबंध मे जांच हेतु प्रस्तुत किए गए:

क्र॰सं	रोकड़ बही पृष्ठ व वाउचर	बिल का विवरण	सामग्री का विवरण	राशि
1	पृष्ठ 132 वाउचर nil	Bill No.374 Dated 10.10.15 M/s Uttam Hardware Store Syri Bill No.373 Dated 10.10.15 M/s Uttam Hardware Store Syri Bill No.388 Dated nil M/s Uttam Hardware Store Syri Bill No.386 Dated nil M/s Uttam Hardware Store Syri	White wash related material Rs. 11110.00 Misc. Items Rs. 5826.00 Misc items Rs.3976.00 Misc . items Rs. 10706.00	31618.00 (paid 31035)
2	पृष्ठ 107 वाउचर nil	Bill no. 2833 dated 7/11/12 of Mohammed Shahid painter, lakkar bazaar shimla.	Paint/white washing 3000ft @6.75	20250.00
3	पृष्ठ 107 वाउचर nil	Bill No.009 Dated 08.10.15 M/s Sharma Roadlines, Domehar	Sand 450cft @50 Grit 300cft @ 52	22500.00 15600.00 (paid 38000)

4	पृष्ठ 92 वाउचर nil	Bill No.4075 Dated nil of M/s Bhagra Steel sales 19, Ram mandir market, shimla	Iron and steel items	65000.00
5	पृष्ठ 90 वाउचर nil	Bill No.4053 Dated 26.08.2015 of M/s Bhagra Steel sales 19, Ram mandir market, shimla	Iron and steel items 303 @ 41.50 =12575 782.20 @ 41 = 32070 Labour 355	45000.00
6	पृष्ठ 82 वाउचर 78	Musterroll (पत्थर ढुलाई) 6 labourers @ 180 14.08.15 to 30.8.15	12 days each (पत्थर ढुलाई)	12960.00
7	पृष्ठ 90 वाउचर 100	Musterroll 2 mistri @ 271 and 6 labourers @ 180 07.08.15 to 31.8.15	Total 48 days for mistri and 129 for laboureres(खुदाई, चिनाई व ढुलाई)	36228.00 (paid 36000)
8	पृष्ठ 106 वाउचर 130	Musterroll 2 mistri @ 271 and 8 labourers @ 180 09.09.15 to 30.9.15	Total 44 days for mistri and 176 for laboureres	43604.00
9	पृष्ठ 94 वाउचर 107	Hand receipt dated 19.09.2015	Welding labour @ 20 rupees per kg	30000.00
			कुल	**321849.00**

उपरोक्त निर्माण कार्य में निम्नलिखित विसंगतियां पाई गई हैं:–

1 **₹43973 का संदिग्ध अतिरिक्त भुगतान :** कार्य की माप पुस्तिका मद संख्या 7 पर स्टील का उपयोग 319 किलो तथा मद संख्या 8 पर 1272 किलो दर्शाया गया है अतः कुल 1591 किलो @ 41.50 (मार्केट दर) पर स्टील पर कुल खर्च ₹66027 बनता है जबकि उपरोक्त क्रम संख्या 4 व 5 पर ₹110000 का वास्तविक व्यय कर दिया गया है। उक्त ₹43973 के अतिरिक्त व्यय का या तो औचित्य सपष्ट करें या फिर उचित स्त्रोत से वसूली करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

2 उक्त कार्य हेतु कुल ₹362000 स्वीकृत हुये थे लेकिन बिल/वाउचर तथा विवरणी केवल ₹321849 के ही प्रस्तुत किए गए शेष ₹40151 के बिल वाउचर या तो प्रस्तुत किए जाएँ या उक्त राशि की संबन्धित संस्था को वापसी के संबंध मे अभिलेख प्रस्तुत किए जाएँ।

3 ऐसा प्रतीत होता है कि उपरोक्त कार्य के क्रम संख्या 3 के संबंध मे निविदाएँ आमंत्रित नहीं की गई थीं क्योंकि जो निविदाएँ अंकेक्षण मे प्रस्तुत की गई उन पर न तो कोई तिथि अंकित थी और ना ही किसी कमेटी के सदस्यों के हस्ताक्षर इत्यादि थे। यह एक गंभीर अनियमितता है जिसके लिए ज़िम्मेदारी निर्धारित की जाये।

4 उपरोक्त कार्य मे क्रम संख्या 1,2,4,5 व 9 के संबंध मे निविदाएँ आमंत्रित नहीं की गई थीं और ना ही किसी कमेटी के सदस्यों के हस्ताक्षर इत्यादि थे। यह एक गंभीर अनियमितता है जिसके लिए ज़िम्मेदारी निर्धारित की जाये।

5 उपरोक्त बिलों क्रम संख्या 6,7 व 8 पर किए गए कार्य को कार्य कमेटी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था।

6 उपरोक्त बिलों पर कार्य का नाम , प्रस्ताव संख्या व दिनांक लिखा जाना व सत्यापित किया जाना था लेकिन ऐसा नहीं किया गया था। जिस से यह सुनिश्चित नहीं हो पाया की जो बिल /वाउचर प्रस्तुत किए गए हैं वो संबन्धित कार्य के ही हैं?

19.4 कार्य का नाम C/o Community centre at SC villege Brijeshwar Mandir Kot :

उक्त कार्य हेतु कुल ₹ दो लाख साठ हज़ार उपलब्ध करवाए गए व इस कार्य की असेस्मेंट माप पुस्तिका संख्या 7087 के पृष्ठ संख्या 14 से 22 व माप पुस्तिका संख्या 7088 के पृष्ठ संख्या 1 से 7 पर की गई है। वर्क लेजर व वर्क एब्स्ट्राक्ट नहीं बनाये गए थे। पंचायत द्वारा निम्न वाउचर इस संबंध मे जांच हेतु प्रस्तुत किए गए :

क्र॰सं	रोकड़ बही पृष्ठ व दिनांक	बिल का विवरण	सामग्री का विवरण	राशि
1	पृष्ठ 79 दिनांक 12.07.2012	Musterroll 2 mistri @ 240 and 17 labourers @ 130	28 days each	75320.00 (paid 75000)
2	पृष्ठ 80 दिनांक 13.07.2012	Bill no. 164 dated 13/07/12 of M/s Harinder Singh Jaswal	Sand 445cft @ 45	20025.00 (paid 20000)
3	पृष्ठ 83 दिनांक 02.08.2012	Bill No.077 Dated 28.07.12 M/s Virender Singh Jaswal	Sand 250cft @45 Grit 200cft @ 45	20250.00 (paid 20000)
4	पृष्ठ 86 दिनांक 16.08.2012	Bill No.385 Dated nil of M/s Thakur Shutrring Store , totu	Shuttring 2250sft @ 8 = 18000 Mixer rent =4000 Freingh = 3000	25000.00
5	पृष्ठ 97 दिनांक 17.10.2012	Bill No. 2012-13/00411 Dated 23.04.2012 of M/s Bhagra Steel sales 19, ram mandir market, shimla	Iron and steel items 315.800 @ 49.05 + 5% VAT Truck charges Rs. 480	16744.00
6	पृष्ठ 97 दिनांक 17.10.2012	Bill No.305 Dated nil of M/s Sharma Goods Carrier	Sand 270 cft @ 45	12150.00 (paid 12006)
7	पृष्ठ 34 दिनांक 23.11.2011	Bill No.335 Dated nil of M/s Sharma Goods Carrier	Aggrigate 300 cft @ 45 Sand 200 cft @ 45	22500.00 (paid 20000)
8	पृष्ठ 38 दिनांक 16.12.2011	Bill No.065 Dated 16.12.11 M/s Virender Singh Jaswal	10 trucks stone @ Rs. 3000 per truck	30000.00
9	पृष्ठ 50 दिनांक 27.02.2012	Bill No.316 Dated nil of M/s Kanwar Goods Carrier	Sand crusher 400cft @ 25	10000.00
10	पृष्ठ 57 दिनांक 31.03.2012	42 bag cement = 9400 Fair, loading/unloading = 2100	Voucher not produced	11500
			कुल	**₹240250**

उपरोक्त निर्माण कार्य में निम्नलिखित विसंगतियां पाई गई हैं:–

1 **₹1909 का संदिग्ध अतिरिक्त भुगतान :** कार्य की माप पुस्तिका पृष्ठ संख्या 3 पर 8 एमएम स्टील का उपयोग 63.96 किलो दर्शाया गया है साथ ही यह भी लिखा गया है कि साइट पर कुल प्राप्त 8 एमएम स्टील 101.02 किलो माप पुस्तिका पर गणना 101.02 किलो के हिसाब से ही की गई है।

अतः कुल 37.06 किलो अधिक स्टील का उपयोग का कोई औचित्य स्पष्ट नहीं किया गया है। या तो इसका औचित्य स्पष्ट किया जाये या फिर @ 51.50 (मार्केट दर अर्थात 49.05+5% वैट) पर स्टील पर कुल अतिरिक्त व्यय ₹1909 की उचित सत्रोत से वसूली करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

2 उक्त कार्य हेतु कुल ₹260000 स्वीकृत हुये थे लेकिन बिल/वाउचर/विवरण केवल ₹240250 के ही प्रस्तुत किए गए शेष ₹19750 के बिल वाउचर या तो प्रस्तुत किए जाएँ या उक्त राशि की संबन्धित संस्था को वापसी के संबंध मे अभिलेख प्रस्तुत किए जाएँ।

3 ऐसा प्रतीत होता है कि उपरोक्त कार्य क्रम संख्या 2,3,6,7,8 व 9 के संबंध मे निविदाएँ आमंत्रित नहीं की गई थीं क्योंकि जो निविदाएँ अंकेक्षण मे प्रस्तुत की गई उन मे से अधिकतर पर न तो कोई तिथि अंकित थी और न ही किसी कमेटी के सदस्यों के हस्ताक्षर इत्यादि थे। यह एक गंभीर अनियमितता है जिसके लिए ज़िम्मेदारी निर्धारित की जाये।

4 उपरोक्त कार्य मे क्रम संख्या 4 व 5 के संबंध मे निविदाएँ आमंत्रित नहीं की गई थीं और न ही किसी कमेटी के सदस्यों के हस्ताक्षर इत्यादि थे। यह एक गंभीर अनियमितता है जिसके लिए ज़िम्मेदारी निर्धारित की जाये।

5 उपरोक्त बिलों क्रम संख्या 1 पर किए गए कार्य को कार्य कमेटी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था।

6 उपरोक्त बिलों पर कार्य का नाम , प्रस्ताव संख्या व दिनांक लिखा जाना व सत्यापित किया जाना था लेकिन ऐसा नहीं किया गया था। जिस से यह सुनिश्चित नहीं हो पाया की जो बिल /वाउचर प्रस्तुत किए गए हैं वो संबन्धित कार्य के ही हैं?

19.5 कार्य का नाम C/o Additional amount of community bhawan dhando: उक्त कार्य हेतु कुल रुपये अस्सी हज़ार उपलब्ध करवाए गए व इस कार्य की असेस्मेंट माप पुस्तिका संख्या 12615 के पृष्ठ संख्या 53 से 57 व 67 से 68 पर की गई है। वर्क लेजर व वर्क एब्स्ट्राक्ट नहीं बनाये गए थे। पंचायत द्वारा निम्न वाउचर इस संबंध मे जांच हेतु प्रस्तुत किए गए :

क्र॰सं	बिल का विवरण	सामग्री का विवरण	राशि
1	Bill no. 3407 dated 24/06/13 of M/s Bhagra steel sales shimla	395 kg @ 45.50= 17972.50 Loading = 120 Freight = 650	18742.50
2	Bill no. 101 dated 01/02/14 of M/s jai maTA ENTERPRISES	Stone 550 @ 30	16500.00
3	Bill No.168 Dated 06.02.15 M/s Uttam Hardware Store	Painting/ white washing Material	3782.00
4	Bill no. 48 dated 22/08/13 of M/s Thakur contractor	Sand 300cft @45 Aggrigate 150 cft @ 45	20250.00
		कुल	**59274.50**

उपरोक्त निर्माण कार्य में निम्नलिखित विसंगतियां पाई गई हैंः–

1 **₹9555 का अतिरिक्त भुगतान :** कार्य की माप पुस्तिका मे स्टील का उपयोग 185 किलो दर्शाया गया है लेकिन उपरोक्त वाउचर क्रम संख्या 1 पर स्टील की खरीद 395 किलो दर्शाई गई है । अतः 210 किलो (395-185) @45.50 कुल ₹9555 के अतिरिक्त स्टील बारे औचित्य सपष्ट करें या फिर उचित स्त्रोत से वसूली करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

2 उपरोक्त कार्य /खरीद के संबंध मे निविदाएँ आमंत्रित नहीं की गई थीं और न ही किसी कमेटी के सदस्यों के हस्ताक्षर इत्यादि थे। यह एक गंभीर अनियमितता है जिसके लिए ज़िम्मेदारी निर्धारित की जाये।

3 उपरोक्त बिलों पर कार्य का नाम , प्रस्ताव संख्या व दिनांक लिखा जाना व सत्यापित किया जाना था लेकिन ऐसा नहीं किया गया था। जिस से यह सुनिश्चित नहीं हो पाया की जो बिल /वाउचर प्रस्तुत किए गए हैं वो संबन्धित कार्य के ही हैं?

19.6 कार्य का नाम C/o Additional amount for community centre shalogh koliyan: उक्त कार्य के वर्क लेजर व वर्क एब्स्ट्राक्ट नहीं बनाये गए थे। पंचायत द्वारा निम्न वाउचर /विवरण इस संबंध मे जांच हेतु प्रस्तुत किए गए :

क्र॰सं	रोकड़ बही पृष्ठ व वाउचर संख्या	बिल का विवरण	सामग्री का विवरण	राशि
1	पृष्ठ 35 वाउचर संख्या 59	Bill no. 92 dated 18/01/15 of M/s harinder singh jaswal	Bricks 800 @ 6	4800.00
2	पृष्ठ 85 वाउचर संख्या 31	Bill no. 55733 dated 05/04/14 of M/s civil supplies (proportionate allocation)	9 bag cement	1830.60
3	पृष्ठ 85 वाउचर संख्या 32	Bill No.212 Dated 18.03.2014 M/s sunil good scarier (proportionate allocation)	carriage	270.00
